निदेशकों की रिपोर्ट

निदेशक मण्डल 31 मार्च, 2010 को समाप्त वर्ष हेतु लेखापरीक्षित तुलनपत्र और लाभ एवं हानि लेखा सहित बैंक की वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करता है।

1. कारोबार परिचालन

बैंक का कुल कारोबार पिछले वर्ष के 1,67,434 करोड़ रुपए की तुलना में 31 मार्च, 2010 को 2,00,000 करोड़ रुपए का लक्ष्य पार करके तक 2,04,442 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। बैंक की कुल जमाराशियां 120258 करोड़ रुपए रहीं जिनमें 22.25% की वृद्धि दर्ज करते हुए 21,889 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई। जमा लागत 6.57% रही। बैंक ने बल्क जमाराशियां न लेने और इनके स्थान पर सामान्य दर पर तथा निम्न लागत वाली जमाराशियां लेने का विवेकपूर्ण निर्णय लिया ताकि बल्क जमाराशियों के स्तर को कम किया जा सके। बल्क जमाराशियों का प्रतिशत 31.03.2009 को 21.42% से घटकर 31.03.2010 को 21.37% रह गया। दूसरी ओर, निवल अग्रिम मार्च, 2010 के अंत में 21.88% की वृद्धि दर्ज करते हुए 83489 करोड़ रुपए रहे। राजकोषीय वर्ष 2009–10 के दौरान, अग्रिमों पर आय पिछले वर्ष के 10.82% से घटकर 10.20% रह गई। बैंक द्वारा अग्रिमों पर आय बढ़ाने के लिए एसएमई, मध्यम कारपोरेट तथा रिटेल क्षेत्र को ऋण देने के साथ–साथ ब्याज की आधार दर लागू किए जाने से अग्रिमों पर आय में सुधार होगा।

बैंक का ऋण जमा अनुपात मार्च, 2010 के अंत में 70.22% रहा। बैंक ने अर्थव्यवस्था के उत्पादनपरक क्षेत्रों को उपयुक्त एवं पर्याप्त ऋण प्रवाह सुनिश्चित किया। बैंक का ऋण एवं अग्रिम संविभाग सुविस्तृत और संतुलित है। बैंक ने सुनिश्चित किया कि पूँजी बाजार, स्थावर संपदा, एनबीएफसी आदि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को दिए गए ऋण नियामक तथा विवेकपूर्ण सीमा के अन्दर हैं।

2. पूंजी और आरक्षित निधि

आलोच्य वर्ष के दौरान, बैंक ने 2009–10 के लाभ में से 868.19 करोड़ रुपए आरक्षित निधियों में अंतरित किए (जिनमें 284.00 करोड़ रुपए सांविधिक आरक्षित निधि, 411.00 करोड़ रुपए राजस्व तथा अन्य आरक्षित निधि और 173.19 करोड़ रुपए पूंजी आरक्षित निधि में अंतरित किए गए)। इससे 31 मार्च, 2010 को बैंक की पूंजी एवं आरक्षित निधियां मार्च, 2009 के 7403.45 करोड़ रुपए से बढ़कर 8237.95 करोड़ रुपए हो गईं तथा औसत कार्यशील निधि में पूंजी एवं आरक्षित निधि का अनुपात 31.03.2010 को 6.61% रहा जबकि 31 मार्च, 2009 को यह 7.17% था।

3. पूंजी पर्याप्तता अनुपात

31 मार्च, 2010 को बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात बासेल-II के अंतर्गत 31 मार्च, 2009 के (बासेल-II के अंतर्गत) 12.98% की तुलना में 12.54% रहा। यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित 9.0% की न्यूनतम नियामक अपेक्षा से काफी अधिक है।

4. वित्तीय कार्यनिष्पादन

राजकोषीय वर्ष 2009–10 के दौरान बैंक की कुल आय पिछले वर्ष की 9927.79 करोड़ रुपए की तुलना में 11457.17 करोड़ रुपए रही और इसमें 1529.38 करोड़ रुपए की वृद्धि (15.41% की वृद्धि) हुई। बैंक का परिचालन लाभ 45.00% की वृद्धि दर्ज करता हुआ पिछले वर्ष के 1669.98 करोड़ रुपए की तुलना में 2421.50 करोड़ रुपए रहा। राजकोषीय वर्ष 2009–10 के दौरान सभी अपेक्षित प्रावधान करने के बाद बैंक का निवल लाभ 244.26 करोड़ रुपए (27.43% की वृद्धि) की वृद्धि दर्ज करते हुए 1134.68 करोड़ रुपए रहा।

DIRECTORS' REPORT

The Board of Directors have pleasure in presenting this Annual Report together with the Audited Balance Sheet and Profit & Loss Account of the Bank for the Year ended 31 st March, 2010.

1. BUSINESS OPERATIONS

The Business of the Bank crossed Rs. 200000 crore mark and stood at Rs. 204442 crore on March 31st 2010 as against Rs. 167434 crores in the previous year. Total deposits of the Bank stood at Rs. 120258 crore and has shown an increase of Rs. 21889 crore depicting a growth of 22.25%. Cost of deposit stood at 6.57%. The Bank has taken conscious decision of shedding high cost bulk deposits and substituting the same with normal rate and lower cost deposits so as to contain the level of bulk deposits. The percentage of bulk deposits has declined marginally from 21.42% as on 31.03.2009 to 21.37% as on 31.03.2010. On the other hand, net advances as at end-March 2010 stood at Rs. 83489 crore, registering a growth of Rs. 21.88%. During the fiscal 2009-10, yield on advances has declined to 10.20% from previous year's level of 10.82%. The measures taken up by the bank to improve yield on advances through lending to SME, Mid Corporate and Retail sector besides implementation of Base Rate would enable the bank to improve yield on advances.

The credit deposit ratio of the Bank, as at end-March 2010, stood at 70.22% . The Bank ensured adequate flow of credit to the productive sectors of the economy. The Loans & Advances portfolio of the bank is well diversified and balanced. The Bank has ensured that its exposure to sensitive sectors such as Capital Markets, Real Estate, NBFCs etc. is well within the regulatory & prudential cap.

2. CAPITAL & RESERVES

During the year, the bank transferred a sum of Rs. 868.19 crore to Reserves (which includes Rs. 284.00 crore transferred to Statutory Reserves, Rs. 411.00 crore to Revenue and other Reserves, Rs. 173.19 crs. to Capital Reserves) out of the profit for the year 2009-10. With this, capital & reserves as on March 31, 2010 have gone upto Rs.8237.95 crore as against Rs. 7403.45 crore as at end March 2009 and the ratio of Capital & Reserves to average working funds stood at 6.61% as on 31.03.2010 as against 7.17% as on 31st March 2009.

3. CAPITAL ADEQUACY RATIO

As on March 31. 2010 the Capital Adequacy Ratio of the Bank under Basel –II stood at 12.54% as against 12.98% as on 31st March, 2009(under Basel-II). This is well above the regulatory minimum requirement of 9.0%.

4. FINANCIAL PERFORMANCE

The Bank has posted a total income of Rs. 11457.17 crore during the year as against Rs. 9927.79 crore last year thus registering an increase of Rs. 1529.38 crore (a growth of 15.41%) during the fiscal 2009-10. Operating Profit of the Bank went upto Rs. 2421.50 crore as against Rs. 1669.98 crore last year showing a growth of 45.00%. The Bank has made a net profit of Rs. 1134.68 crore, after making all requisite provisions showing an increase of Rs. 244.26 crore (growth of 27.43%) during the fiscal 2009-10.

निवल लाभ में से विनियोजन निम्न तालिका के अनुसार किया गया है:

तालिका : वित्तीय कार्यनिष्पादन

(करोड़ रु० में)

	31.03.2010	31.03.2010
ब्याज आय	10257.13	8856.47
अन्य आय	1200.04	1071.32
कुल आय	11457.17	9927.79
प्रदत्त ब्याज	7349.69	6859.97
परिचालन व्यय	1685.98	1397.84
कुल व्यय	9035.67	8257.81
परिचालन लाभ	2421.50	1669.98
प्रावधान एवं आकस्मिकताएं	1286.82	779.56
निवल लाभ	**1134.68**	**890.42**
जोड़िए: आगे लाया गया लाभ	0.83	0.51
घटाइए: बट्टे खाते डाला गया समामेलन समायोजन	--	--
विनियोजन हेतु उपलब्ध निवल लाभ	**1135.51**	**890.93**
विनियोजन		
सांविधिक आरक्षित निधि में अंतरण	284.00	227.00
राजस्व तथा अन्य आरक्षित निधि में अंतरण	351.00	21.00
आयकर अधिनियम की धारा 36(1) (viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षित निधि में अंतरित	60.00	86.00
पूंजी आरक्षित निधि में अंतरण	173.19	342.12
प्रस्तावित लाभांश	227.99	182.90
लाभांश पर कर	38.75	31.08
तुलनपत्र में ले जाया गया शेष	0.58	0.83

5. लाभांश

आपके बैंक की लाभांश घोषित करने की नीति शेयरधारकों को उचित प्रतिफल देने तथा स्वस्थ पूंजी पर्याप्तता अनुपात बनाए रखने और भावी विकास में सहयोग करने हेतु लाभ के पुनर्निवेश पर आधारित है। तदनुसार, आपके निदेशक 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के लिए 91% (अर्थात् 9.10 रुपए प्रति शेयर) का कुल लाभांश प्रदान करने का सहर्ष प्रस्ताव करते है जबकि पिछले वर्ष यह 73% (अर्थात् 7.30 रुपए प्रति शेयर) था।

6. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण का क्षेत्रवार नियोजन

बैंक द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिए गए अग्रिमों में 31.68% की वृद्धि दर्ज करते हुए 7068.54 करोड़ रु. की वृद्धि हुई, जो मार्च, 2009 के 22315.07 करोड़ रुपए, से बढ़कर मार्च, 2010 में 29383.61 करोड़ रुपए हो गए। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिम 40% की अपेक्षा की तुलना में बैंक के समायोजित निवल बैंक ऋणों (एएनबीसी) के 42.90% रहे। मार्च, 2009 तथा मार्च, 2010 के अंत में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के विभिन्न खंडों के अंतर्गत अग्रिमों की तुलनात्मक स्थिति निम्नानुसार है:

Appropriation from the Net Profit have been effected as per table given below:-

Table : Financial Performance

(Rupees in crore)

	31.03.2010	31.03.2009
Interest Income	10257.13	8856.47
Other Income	1200.04	1071.32
Total Income	11457.17	9927.79
Interest Paid	7349.69	6859.97
Operating Expenses	1685.98	1397.84
Total Expenses	9035.67	8257.81
Operating Profit	2421.50	1669.98
Provisions & Contingencies	1286.82	779.56
Net Profit	**1134.68**	**890.42**
Add-Profit brought forward	0.83	0.51
Less-Amalgamation adjustment Written-off	--	--
Net Profit available for appropriation	**1135.51**	**890.93**
APPROPRIATION		
Transfer to Statutory reserve	284.00	227.00
Transfer to Revenue and Other reserves	351.00	21.00
Transfer to Special Reserve u/s 36(1)(viii) of I-T Act	60.00	86.00
Transfer to capital reserve	173.19	342.12
Proposed Dividend	227.99	182.90
Tax on Dividend	38.75	31.08
Balance carried over to Balance Sheet	0.58	0.83

5. DIVIDEND

Your Bank's policy of declaring dividend is to reward the share holders as well as to plough back profit for maintaining a healthy capital adequacy ratio & for supporting future growth. Accordingly, your Directors are pleased to propose a total dividend of 91% (i.e Rs. 9.10 per share)for the year ended 31st March, 2010 as against 73%(i.e. Rs. 7.30 per share) paid for the preceding year.

6. SECTORAL DEPLOYMENT OF CREDIT TO PRIORITY SECTOR

Bank's advances to priority sector increased by Rs. 7068.54 crore from Rs. 22315.07 crore in March 2009 to Rs. 29383.61 crore in March 2010 registering a growth of 31.68%. The Priority Sector Advances constituted 42.90% of the Adjusted Net Bank Credit (ANBC) against the stipulation of 40%. The comparative position of advances under various segments under Priority Sector as at the end of March 2009 and March 2010 is as follows:

(करोड़ रु० में)

क्र. सं.	क्षेत्र	मार्च, 2009	मार्च, 2010
1	प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण	22315.07	29383.61
2	कृषि	8614.03	11267.51
3	प्रत्यक्ष कृषि	4644.43	6564.47
4	अप्रत्यक्ष कृषि	3969.60	4703.04
5	लघु उद्योग/लघु उद्यम	5576.33	10868.81
6	शिक्षा ऋण	767.97	942.72
7	आवास ऋण	6197.17	6258.03
8	अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	1159.57	46.54

6.1 कृषि अग्रिम

कृषि क्षेत्र को बैंक के अग्रिमों में 30.80% की वृद्धि दर्ज करते हुए 2653.48 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई जो मार्च, 2009 के 8614.03 करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च, 2010 में 11267.51 करोड़ रुपए हो गए। प्रत्यक्ष कृषि अग्रिमों में 41.34% की वृद्धि दर्ज करते हुए 1920.04 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई जो 31.03.2009 के 4644.43 करोड़ रुपए से बढ़कर 31.03.2010 को 6564.47 करोड़ रुपए हो गए। अप्रत्यक्ष कृषि अग्रिमों में 18.48% की वृद्धि दर्ज करते हुए 733.44 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई जो 31.3.2009 के 3969.60 करोड़ रुपए से बढ़कर 31.3.2010 को 4703.04 करोड़ रु. हो गए।

6.1.1 कृषि क्षेत्र को ऋण प्रवाह (नए संवितरण)

वित्त वर्ष 2009–10 के दौरान कृषि क्षेत्र को 4937.07 करोड़ रु. के ऋण दिए गए। इस वर्ष के दौरान कुल 207517 नए कृषि ऋण खाते खोले गए। इनमें प्रति ग्रामीण व अर्धशहरी शाखा औसतन 305 नए कृषि ऋण खाते जोड़े गए।

6.1.2 हाई–टैक डेरी

बैंक हाई–टैक वाणिज्यिक डेरी योजना के अंतर्गत पंजाब और हरियाणा राज्यों में ग्रामीण युवाओं को स्व–रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु ऋण प्रदान कर रहा है। इस योजना के अंतर्गत पंजाब डेरी विकास बोर्ड/पशु पालन एवं डेरी विभाग हरियाणा बेरोजगार युवकों को उनके कौशल उन्नयन के लिए एक माह का प्रशिक्षण देता है। 31.03.2010 को 661 इकाइयों में 77.32 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी।

6.1.3 ओरियन्टल सौर ऊर्जा दोहन योजना

जीवाश्म ईंधन संसाधन सीमित मात्रा में हैं तथा तेजी से घट रहे हैं। गरीब व्यक्ति घरों में रोशनी के लिए मिट्टी का तेल इस्तेमाल करते हैं। ग्रिड इलैक्ट्रिक पावर आपूर्ति न होने के कारण ग्रामीण लोगों को घर में रोशनी करने में कठिनाई होती है। यदि बिजली की आपूर्ति होती भी है, तो ग्रामीण क्षेत्रों में बार–बार बिजली की कटौती तथा कम वोल्टेज की समस्या लगातार बनी रहती है। इन समस्याओं से निपटने के लिए, बैंक ऊर्जा के पारम्परिक स्रोत के व्यावहारिक विकल्प के रूप में, सौर जल तापन और प्रकाशन पद्धति के वित्तपोषण हेतु एक योजना को क्रियान्वित कर रहा है। यह योजना व्यक्तिगत, संस्थागत, वाणिज्यिक और औद्योगिक प्रयोक्ताओं के लिए उपलब्ध है।

बैंक आईआरईडीए की एमएनआरई योजना के अंतर्गत ऊर्जा जल तापन पद्धति के लिए भी ऋण प्रदान कर रहा है। बैंक ने एमएनआरई गठबंधन के अंतर्गत ऊर्जा जल तापन पद्धति के लिए 4.78 लाख रु० के ऋण प्रदान किए और

(Amount Rs. in crore)

S. No.	Sectors	March 2009	March 2010
1.	Priority sector credit	22315.07	29383.61
2.	Agriculture	8614.03	11267.51
3.	Direct Agriculture	4644.43	6564.47
4.	Indirect Agriculture	3969.60	4703.04
5.	SSI / SE	5576.33	10868.81
6.	Educational Loan	767.97	942.72
7.	Housing Loan	6197.17	6258.03
8.	Other P.S.	1159.57	46.54

6.1 Agriculture Advances

Bank's advances to agriculture increased by Rs.2653.48 crore from Rs.8614.03 crore in March 2009 to Rs.11267.51 crore in March 2010, registering a growth of 30.80%. The advances to direct agriculture segment increased by Rs.1920.04 crore from Rs.4644.43 crore as on 31.3.2009 to Rs.6564.47 crore as on 31.3.2010 constituting a growth of 41.34%. The Indirect agriculture advances increased by Rs.733.44 crore from Rs.3969.60 crore as on 31.3.2009 to Rs.4703.04 crore as on 31.3.2010 showing an increase of 18.48%.

6.1.1 Flow of credit to Agriculture sector (Fresh disbursement)

During the financial year 2009-10, fresh flow of credit to agriculture sector amounted to Rs. 4937.07 crore. During the year, a total of 207517 new agriculture loan accounts were added. There was an average addition of 305 new agriculture loan accounts per rural and semi-urban branch.

6.1.2. Hi-Tech Dairy

The bank is providing credit to rural youths for their self employment under Hi Tech commercial dairy scheme in Punjab & Haryana states. Under the scheme Punjab Dairy Development Board / Animal Husbandry & Dairying department Haryana impart one month training to unemployed youth for their skill up gradation. As on 31.3.10, an amount of Rs. 77.32 Crore has been sanctioned to 661 units.

6.1.3. Oriental Saur Urja Dohan Scheme

The fossil fuel resources are limited in quantity and are fast depleting. The poor use Kerosene as common fuel for lighting. The rural people face problem of home lighting due to non-availability of grid electric power supply. Even if there is power supply, frequent load shedding and low voltage is a regular phenomenon in rural areas. To overcome these problems the bank is implementing a scheme for financing solar water heating & lighting system, for creating a viable alternate to conventional source of energy. The scheme is open to individual, institutional, commercial and industrial users.

Bank is also providing loan for solar water heating system, under MNRE scheme of IREDA. The bank finance for Solar Water Heating System amounted to Rs.4.78 Lac under MNRE tie up arrangement

बैंक ने वर्ष के दौरान 0.82 लाख रु० की इमदाद राशि का दावा किया।

6.1.4 लघु एवं मध्यम उद्यम (एसएमई)

मार्च, 2010 के अंत में बैंक द्वारा लघु उद्यम क्षेत्र को दिए गए अग्रिम 10868.80 करोड़ रुपए रहे और इनमें 94.91% की वृद्धि दर दर्ज करते हुए 5292.47 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त, एसएमई अग्रिम वर्ष–दर–वर्ष आधार पर 20% की अपेक्षित वृद्धि की तुलना में 81.11% की वृद्धि दर्ज करते हुए 5629.96 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 12571.29 करोड़ रुपए हो गए। अति लघु/सूक्ष्म (माइक्रो) क्षेत्र के अग्रिम 139.77% की वृद्धि दर्ज करते हुए 1962.30 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 3366.23 करोड़ रुपए हो गए।

बैंक ने ऋण देने हेतु ऋण प्रस्तावों की आउटसोर्सिंग के लिए एनएसआईसी के साथ समझौता किया। बैंक ने अपने एसएमई ऋणियों को कम दर पर व्यापक रेटिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए एसएमई रेटिंग एजेंसी आफ़ इंडिया लि० (समेरा) के साथ समझौता व्यवस्था की।

6.1.5 ओरियन्टल ग्रीन कार्ड (किसान क्रेडिट कार्ड) एवं ओरियन्टल किसान गोल्ड कार्ड (ओकेजीसी)

आलोच्य वर्ष के दौरान, बैंक द्वारा किसानों को फसल उत्पादन, कृषि मशीनरी एवं संयंत्रों की मरम्मत, संबंद्ध क्रियाकलापों हेतु कार्यशील पूँजी हेतु ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने, गैर–संस्थापरक साहूकारों से लिए गए पुराने ऋण चुकाने व उपभोग आवश्यकताओं के लिए ऋण प्रदान करने की दृष्टि से 83,885 कार्ड जारी किए गए। वर्ष के दौरान इन कार्डों के जरिए 1278.47 करोड़ रु. के ऋण संवितरित किए गए। वित्तीय वर्ष 2009–2010 के अंत में किसानों को जारी किए गए कार्डों की कुल संख्या बढ़कर 652528 हो गई।

6.1.6 ओरियन्टल बैंक ग्रामीण परियोजना (ओबीजीपी)

बैंक अपने स्तर पर विकसित सूक्ष्म वित्त माडल अर्थात् ओरियन्टल बैंक ग्रामीण परियोजना के अंतर्गत निर्धन ग्रामीणों को वित्त प्रदान कर रहा है। यह संयुक्त देयता समूह अवधारणा, जिसमें प्रत्येक समूह में 5 सदस्य, विशेषकर महिलाएं शामिल हैं, के जरिए कार्यान्वित किया जा रहा है।

बैंक ने 3745 स्वयं सहायता समूह बनाए हैं जिनकी 280 गांवों के जरिए 17340 गरीब परिवारों तक पहुंच है। मार्च, 2010 के अंत तक इन समूहों को दिए गए अग्रिमों की कुल राशि 28.36 करोड़ रुपए रही । इन स्वयं सहायता समूहों द्वारा 13.11 करोड़ रुपए की बचत राशि जुटाई गई है।

बैंक ने भारतीय जीवन बीमा कंपनी (एलआईसी) की सामाजिक सुरक्षा समूह बीमा योजना जनश्री बीमा योजना में भी भाग लिया। जनश्री बीमा योजना को असंगठित क्षेत्र की महिलाओं के जीवन तथा दुर्घटना को कवर करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था। बैंक ने दिसंबर, 2008 माह में योजना आरंभ की थी तथा 31.03.2010 की स्थिति के अनुसार 481 स्वयं सहायता समूहों के 1706 सदस्यों को योजना के अंतर्गत कवर किया।

6.1.7 कमजोर वर्ग को अग्रिम

कमजोर वर्गों को जिनमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, लघु एवं सीमांत किसान, भूमिहीन श्रमिक, ग्रामीण शिल्पकार, सरकार द्वारा समर्थित योजनाओं (पीएमआरवाई को छोड़कर), के लाभग्राही शामिल हैं, दिए गए अग्रिम मार्च, 2009 के अंत में 3018.71 करोड़ रु० से बढ़कर मार्च, 2010 के अंत में 4131.25 करोड़ रुपए हो गए।

6.1.8 विभेदक ब्याज दर योजना के अंतर्गत ऋण

मार्च, 2010 के अंत तक ग्रामीण एवं शहरी इन दोनों क्षेत्रों में, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय क्रमश रू 18,000/–रुपए तथा 24,000/– रुपए तक है,

and bank claimed subsidy of Rs.0.82 Lac during the year.

6.1.4. Small and Medium Enterprises (SMEs)

Bank's exposure to Small Enterprises sector stood at Rs.10868.80 crore at the end of March 2010 and has shown an increase of Rs..5292.47 crore, recording a growth rate of 94.91%. Further, SME advances increased by Rs. 5629.96 crore to Rs.12571.29 crore registering a growth of 81.11% against the Year on Year growth stipulation of 20%. The Tiny/ Micro sector advances increased by Rs.1962.30 crore to Rs.3366.23 crore posting a growth of 139.77%.

Bank has entered into a MOU with NSIC for outsourcing credit proposals for lending. The Bank has entered into a tie-up arrangement with SME Rating Agency of India Ltd. (SMERA) for providing comprehensive rating services of SMEs borrowers of the Bank at subsidized rates.

6.1.5. Oriental Green Card (Kisan Credit Card) & Oriental Kisan Gold Card (OKGC)

During the Financial Year 2009-10, Bank has issued 83,885 cards to farmers to meet their credit requirement for crop production, repairing of agricultural machinery & equipment, working capital for allied activities, to repay their old debts taken from non institutional money lenders and consumption needs. The total amount of loan disbursed through these cards during the year was Rs.1278.47 crore. At the end of financial year 2009-10, the total number of cards issued to farmers rose to 652528.

6.1.6. Oriental Bank Grameen Project (OBGP)

Bank is providing finance to rural poor under home grown model of micro finance viz. Oriental Bank Grameen Project. It is being implemented through Joint Liability Group concept consisting of 5 members in each group, preferably women.

The Bank has formed 3745 Groups reaching out to 17340 poor families spread across 280 villages. The cumulative amount advanced to these groups as at the end of March 2010 was Rs. 28.36 crore. Savings to the tune of Rs. 13.11 crore have been mobilized by the groups.

Bank has also participated in the Janashree Bima Yojana a social security group insurance scheme of Life Insurance Company of India (LIC). The JBY scheme was launched with the aim of providing life and accidental cover to women belonging to the un-organised sector. The scheme was launched by Bank in the month of December 2008 and as on 31.03.2010, 1706 members of 481 SHGs were covered under the scheme.

6.1.7. Advances to Weaker Sections

Advances to weaker sections, consisting of beneficiaries belonging to scheduled castes/scheduled tribes, small and marginal farmers, landless labourers, rural artisans, beneficiaries under Govt. Sponsored schemes (except PMRY) were of the order of Rs. 4131.25 crore as a the end of March 2010 as against Rs. 3018.71 crore as at the end of March 2009.

6.1.8. Credit under Differential Rate of Interest Scheme

Credit flow at concessional rate of interest of 4% p.a. to the low-income group of the society both in rural having annual family income upto Rs. 18,000/- and urban having annual family income upto Rs.

को 4% वार्षिक की रियायती ब्याज दर पर 90.06 करोड़ रुपए के ऋण प्रदान किए गए।

6.1.9 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों को ऋण

बैंक द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लाभग्राहियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने पर जोर दिया जाता रहा। बैंक द्वारा समाज के इन वर्गों के दिए गए अग्रिम मार्च, 2009 के 483.03 करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च, 2010 में 591.22 करोड़ रुपए हो गए।

6.1.10 प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमइजीपी)

यह योजना भारत सरकार द्वारा दो मौजूदा योजनाओं अर्थात् पीएमआरवाई और आरईजीपी को मिलाकर 1 अप्रैल 2008 से कार्यान्वित की गई है। इसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी दोनो क्षेत्रों में सूक्ष्म उद्यम स्थापित करके रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत बैंक द्वारा वर्ष 2009–10 के दौरान 1653 आवेदकों को 62.45 करोड़ रुपए की ऋण सहायता प्रदान की गई।

6.1.11 स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाई)

शहरी बेरोजगार युवकों (गरीबी रेखा से नीचे रह रहे) को लाभप्रद रोजगार मुहैया करवाने की दृष्टि से स्वरोजगार उद्यमों की स्थापना करके बैंक इस योजना के प्रारंभ से ही उक्त योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। बैंक ने वर्ष 2009–10 के दौरान 2244 लाभग्राहियों को 6.88 करोड़ रु. की वित्तीय सहायता प्रदान की।

6.1.12 स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई)

यह योजना देश के ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही है और इसमें स्वरोजगार संबंधी पहलू जैसे, ग्रामीण निर्धनों को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में संगठित करना, प्रशिक्षण, ऋण, प्रौद्योगिकी, मूलभूत सुविधाएं व मार्किटिंग शामिल हैं। बैंक इस योजना में भाग ले रहा है। वर्ष 2009–10 के दौरान, बैंक ने 3227 स्वरोजगारियों को 13.60 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी।

6.1.13 महिला लाभग्राहियों को ऋण

महिलाएं बड़ी जिम्मेवारियां संभाल रही हैं तथा देश के आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहीं हैं परन्तु देश की वित्तीय संस्थाओं से ऋण नहीं ले पाती हैं। अतः महिलाओं को अधिकाधिक ऋण प्रदान करने के लिए बैंक ने भारत सरकार के निर्देशानुसार 13 सूत्री कार्य योजना को कार्यान्वित किया है। बैंक ने महिला उद्यमियों के लिए विशेषीकृत शाखाओं के रूप में 10 शाखाओं को नामित किया है।

बैंक द्वारा ओरियन्टल महिला विकास योजना, व्यावसायिक एवं स्वनियोजित महिलाओं के लिए ऋण योजना,ब्यूटी पार्लरों/बुटीक/सैलूनों/दर्जी की दुकानों के लिए ऋण योजना, कामकाजी महिलाओं को वित्तीय सहायता हेतु योजना, ओरियन्टल स्वर्ण योजना आदि जैसी कई ऋण योजनाएं महिलाओं के लिए विशेष रुप से तैयार की गईं हैं। इसके अलावा, ओरियन्टल बैंक ग्रामीण प्रोजेक्ट (ओबीजीपी) नामक एक विशेष योजना में ग्रामीण निर्धन महिलाओं को सभी प्रकार की बैंकिंग सहायता प्रदान की जाती है।

इसके परिणामस्वरुप, बैंक द्वारा महिलाओं को दिए गए अग्रिमों में 24.86% की वृद्धि दर्ज करते हुए 736.15 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई जो मार्च, 2009 के अंत में 2920.54 करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च, 2010 में 3646.69 करोड़ रुपए हो गए। महिला लाभग्राहियों को दिए गए बैंक अग्रिम 5% के लक्ष्य के मुकाबले मार्च, 2010 को एएनबीसी का 5.32% थे।

6.1.14 वित्तीय समावेशन

औपचारिक वित्तीय क्षेत्र से वंचित समाज के विभिन्न वर्गों को बैंकिंग सुविधाएं

24,000/- centres was Rs. 90.06 crore as at the end of March 2010.

6.1.9. Loans to SCs/STs

Bank continues its thrust in providing financial assistance to SCs/ STs beneficiaries. The advances to these beneficiaries improved to Rs.591.22 crore in March 2010 against Rs. 483.03 crore as at the end of March 2009.

6.1.10. Prime Minister Employment Generation Programme (PMEGP)

The Scheme has been implemented by the Government of India by merging the two existing schemes viz. PMRY and REGP w.e.f. 1st April 2008. The scheme aims for generation of employment opportunities through establishment of micro enterprises in rural as well as urban areas. The bank has provided financial assistance to the tune to Rs.62.45 crores to 1653 applicants under the scheme during the year 2009-10.

6.1.11. Swaran Jyanti Shahri Rojgar Yojana (SJSRY)

For providing gainful employment to urban poor (living below the urban poverty line) through setting up self employment ventures, bank is providing financial assistance under the scheme since its inception. The bank financed to 2244 beneficiaries to the tune of Rs.6.88 crores during 2009-10.

6.1.12. Swarn Jyanti Gram Swarojgar Yojana (SGSY)

The scheme is operative in rural areas of the country and cover the aspects of self employment such as organization of rural poor into Self Help Group (SHGs) training credit technology, infrastructure and marketing. The bank is participating in the schemes. During 2009-10 bank provided financial assistance to 3227 swarojgaries to the tune of 13.60 crore.

6.1.13. Credit Flow to Women Beneficiaries

Women are assuming greater responsibilities and playing an active role in the economic growth of the nation but remain under represented while receiving the credit delivery from the Financial Institutions of the country. So for strengthening of credit flow to women, Bank has implemented 13-points action plan as advised by the Government of India. Bank has designated 10 branches as specialized branches for women entrepreneurs.

A number of credit schemes, such as Oriental Mahila Vikas Yojana, Loan scheme for Professional & Self Employed Women, Loan scheme for Beauty Parlour/ Boutiques/ Saloons/ Tailoring, Scheme for Financing Working Women, Oriental Swaran Yojana etc. are designed by the bank especially for women. Besides, a special project called Oriental Bank Grameen Project (OBGP) provides all types of banking assistance to the rural poor women.

As a result the Bank's advance to women increased by Rs. 736.15 crore from Rs. 2920.54 crore as on March 2009 to Rs. 3646.69 crore as on March 2010 registering a growth of 24.86%. Bank's advances to women beneficiaries as on March 2010 was 5.32% of ANBC against the required stipulation of 5%.

6.1.14. Financial Inclusion

With a view to provide banking facilities to the sections of society

प्रदान करने की दृष्टि से, बैंक वित्तीय समावेशन की नीति को कार्यान्वित कर रहा है। बैंक ने वित्तीय समावेशन हेतु त्रिआयामी नीतियां अपनाई हैं। पहली, बैंक की ग्रामीण शाखाओं ने वित्तीय समावेशन हेतु ग्रामों को अंगीकार किया। दूसरे, बैंक के दोनों अग्रणी जिलों ने स्वेच्छा से 100% वित्तीय समावेशन हेतु पहल की। तृतीय, बैंक की शाखाओं ने संबंधित एसएलबीसी द्वारा चयनित जिलों में भाग लिया।

गांव अंगीकार योजना के अंतर्गत बैंक ने मार्च 2010 तक 2162 गांवों को अंगीकार किया जिसमें 1426240 परिवार हैं। बैंक ने 1958 गांवों जिनमें 1130942 परिवार हैं में 100% वित्तीय समावेशन प्राप्त करते हुए सामान्य जमा/ऋण योजना के अंतर्गत 676476 खाते व नो–फ्रिल बचत योजना के अंतर्गत 216663 खाते खोले।

बैंक के अग्रणी जिले फिरोजपुर में 997 ग्रामों और 156 वार्डो जिनमें 2,89,896 घर हैं, 100% वित्तीय समावेशन पूरा किया गया और 68747 नो–फ्रिल खाते खोले। श्रीगंगानगर जिले में बैंक ने 3031 ग्रामों और 231 वार्डों, जिनमें 3,22,270 घर हैं, में 100% वित्तीय समावेशन पूरा किया और 109,552 नए खाते खोले।

इसके अतिरिक्त बैंक ने 7 जिलों अर्थात् मुक्तसर, दिल्ली, श्रीगंगानगर, फिरोज़पुर, अमृतसर, गुरुदासपुर और देहरादून में स्मार्ट कार्ड प्रदान करके वित्तीय समावेशन कार्यान्वित करने का पायलेट प्रोजेक्ट शुरु किया है। अब तक 124283 स्मार्ट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा अमृतसर के 6 ब्लाकों अर्थात् जांडियालगुरु, हर्षाछीना, वेरका, चोगवान, रैय्या और तरसिक्का में भी वित्तीय समावेशन पायलेट प्रोजेक्ट लागू किया गया है।

6.1.15 अग्रणी बैंक उत्तरदायित्व

बैंक तीन जिलों अर्थात् पंजाब के फिरोजपुर, राजस्थान के श्रीगंगानगर और हरियाणा के पलवल जिले में अग्रणी बैंक होने का उत्तरदायित्व निभा रहा है।

6.1.16 ओबीसी ग्रामीण विकास न्यास

बैंक ने ग्रामीण क्षेत्रों में क्षमता बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण देने के लिए देश के विभिन्न स्थलों पर प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने के उद्देश्य से विशेष प्रयोजन संस्था, ओबीसी ग्रामीण विकास न्यास (ओबीसीआरडीटी) की स्थापना की है। इस न्यास की स्थापना 09 दिसंबर, 2005 को एक पंजीकृत निकाय के रूप में हुई।

इस न्यास का प्रमुख उद्देश्य किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों, ट्रैक्टर/कृषि मशीनरी के मरम्मत व रखरखाव तथा कृषि/ग्रामीण विकास के अन्य पक्षों, सूक्ष्म वित्त तथा ग्रामीण युवकों एवं महिलाओं की क्षमता बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण देने के लिए कॉलेज/संस्थान तथा कार्यशालाओं की स्थापना करना है

इस समय देहरादून, श्रीगंगानगर, जयपुर और फिरोजपुर में चार ओबीसी आरसेटी (ओबीसी) ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, कार्यरत हैं।

हमें चौमू (जयपुर), राजस्थान और जीरा (फिरोजपुर), पंजाब में राज्य सरकार द्वारा जमीन आबंटित की गई है जहां संपूर्ण प्रशिक्षण क्रेन्द्र बनाए जा रहे हैं और इनका निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। भारत सरकार ने इन केन्द्रों के निर्माण के लिए 2 करोड़ रु० की राशि स्वीकृत की है। हरियाणा और उत्तर प्रदेश अन्य दो राज्य हैं, जहां न्यास की योजना निकट भविष्य में प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना करने की है।

वित्तीय वर्ष 2009–10 के दौरान कुल 176 प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए और 6694 उम्मीदवारों को टेलरिंग एवं ड्रेस डिजाइनिंग, जलसंभरण प्रबंधन, फुलकारी, कढ़ाई, दूधारू पशुपालन, फसल उत्पादन, ब्यूटी पार्लर, चिकित्सीय

so far deprived from the formal financial sector, bank implemented financial inclusion policy. Bank adopted three pronged strategies for financial inclusion. First, rural branches of the bank adopted villages for financial inclusion. Second, both Lead Districts of the bank volunteered for 100% financial inclusion. Third, banks branches participated in districts identified by the respective SLBCs.

Under village adoption scheme as on March, 2010, bank adopted 2162 villages having 1426240 households. Bank has achieved 100% financial inclusion in 1958 villages covering 1130942 households and opened 6,76,476 accounts under normal deposit/loan schemes and 2,16,663 accounts under no-frills savings scheme.

In Bank's Lead District of Ferozepur, completed 100% financial inclusion in 997 villages and 156 wards having 2,89,896 households and opened 68747 no-frills accounts. In Sriganganagar District, Bank completed 100% financial inclusion in 3031 villages and 231 wards having 3,22,270 households and opened 109,552 new accounts.

Further, Bank has started project of implementing Financial Inclusion by providing smart cards in 7 districts initially namely Muktsar, Delhi, Sriganganagar, Ferozpur Amritsar, Gurdaspur and Dehradun. 124283 smart cards have already been issued. Further the project for Financial Inclusion has been extended to 6 blocks in Amritsar namely Jandiala Guru, Harsha Chhina, Verka, Chogawan, Rayya and Tarsikka.

6.1.15. Lead Bank Responsibility

Bank is performing the functions of Lead Bank in three Districts namely Ferozpur in Punjab, Sriganganagar in Rajasthan and Palwal in Haryana.

6.1.16. OBC Rural Development Trust

Bank has set up a special purpose vehicle in the name of Oriental Bank Rural Development Trust (OBCRDT) for setting up Training Centres at various places across the country for imparting training for capacity building in rural areas. The Trust came into being on the 9 December 2005 as a registered body.

The main objective of the Trust is to establish training colleges/institutes and workshops for providing training for farmers on modern techniques of farming, tractor/farm machinery repair & maintenance and other aspects of agriculture/rural development; micro finance and capacity building of the rural youth and women.

Presently four OBCRSETIs (OBC Rural Self Employment Training Institutes) are functional at Dehradun, Sriganganagar, Jaipur and Ferozepur.

We have been allotted land by the State Government in Chomu (Jaipur), Rajasthan and Zira (Ferozepur), Punjab where full-fledged training centres are being constructed and construction work has started in full swing. Govt of India has sanctioned an amount of Rs. 2 crores for constructions of these centres. Haryana and Uttar Pradesh are other two states where the Trust plans to set up training centres in the near future.

During the Financial Year 2009-10, a total of 176 training programmes were conducted and 6694 candidates were given training on subjects like tailoring & dress designing, watershed management, phulkari embroidery, milch animal rearing, crop

वृक्षारोपण आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिए गए। कुल 2323 प्रशिक्षित व्यक्तियों को आर्थिक कार्यकलाप करने/स्थापित करने के लिए ऋण दिया गया। समाज में गरीबी रेखा से नीचे रह रहे व्यक्तियों, जिसके लिए केन्द्रों द्वारा सबंधित डीआरडीए से सूची ली जाती है, को भी प्रशिक्षण देने पर जोर दिया जा रहा है। समेकित रुप से इन केन्द्रों ने अपने आरंभ होने से 411 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिनसे 15214 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हुए।

6.2 रिटेल ऋण

बैंक रिटेल ऋण बढ़ाने पर जोर देता रहा है। बैंक की समाज के सभी वर्गों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवास ऋण सहित 10 रिटेल योजनाएं हैं। हमारी रिटेल योजनाएं ग्राहकों बैंक की आवश्यकताओं के अनुरूप, प्रतिस्पर्धी और समाज के सभी वर्गों की आवश्यकता के अनुरूप विशेष रूप से तैयार की गई है। बैंक विशेषीकृत योजनाएं बना रहा है और रिटेल खंड को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रतिष्ठित बिल्डिरों तथा ऑटो निर्माताओं के साथ गठबंधन भी किया गया है।

6.3 शिक्षा ऋण

बैंक के शिक्षा ऋण 31.03.2010 को 971.75 करोड़ रहे और इसमें वर्ष दर वर्ष 23% की वृद्धि हुई। बैंक ने छात्रों को सरल शर्तों तथा प्रतिस्पर्धी दरों पर ऋण प्रदान करने के साथ–साथ छात्राओं को 0.50% की रियायती ब्याज दर पर शिक्षा ऋण प्रदान करने हेतु अपने प्रयास जारी रखे। दाखिले के समय शिक्षा संस्थानों में शिक्षा ऋण कैम्प भी लगाए गए।

7. राजकोषीय परिचालन

खाद्य पदार्थों के मूल्य में वृद्धि से हुई मंहगाई के कारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपनी सरल मौद्रिक प्रवृति को प्रत्यावर्तित करने की प्रत्याशा से बाजार में आई मंदी के कारण सरकारी प्रतिभूतियों से होने वाली आय कम हो गई परंतु भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष में अधिकतम समय अपनी सरल मौद्रिक प्रवृत्ति जारी रखी और जनवरी, 2010 के बाद अपनी मौद्रिक प्रवृत्ति को बदल दिया। ईक्विटी बाजार विश्व में आर्थिक बहाली होने के परिणामस्वरूप सकारात्मक बना रहा। इसके परिणामतः गौण बाजार का पण्यावर्त वर्ष 2008–09 के 28,526 करोड़ रु० से बढ़कर वर्ष 2009–10 में 65,312.05 करोड़ रु0 हो गया। वर्ष 2009–10 के दौरान गौण बाजार के परिचालन से निवल लाभ 423.55 करोड़ रु० रहा। वित्त वर्ष 2009–10 के दौरान, बैंक ने 1271.48 करोड़ रु० के बही मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियों को ''बिक्री के लिए उपलब्ध'' (एएफएस) श्रेणी से परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) श्रेणी में अंतरित किया और 137.76 करोड़ रु० का मूल्यह्रास दर्ज किया और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार मूल्य वृद्धि को अनदेखा करते हुए 979.59 करोड़ रु० के बही मूल्य की प्रतिभूतियों को परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) श्रेणी से ''बिक्री के लिए उपलब्ध'' (एएफएस) श्रेणी में अंतरित किया। बैंक का कुल निवेश वित्तीय वर्ष 2008–09 के 28658.39 करोड़ रु० के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2009–10 के अंत में बढ़कर 35785.32 करोड़ रु० हो गया। उच्च ब्याज वाली प्रतिभूतियों की परिपक्वता और निम्न ब्याज की प्रतिभूतियां जारी करने के कारण वित्तीय वर्ष 2009–10 में निवेश पर प्रतिफल पिछले वर्ष के 7.63% से घटकर 7.08% रह गया। परिपक्वता तक धारित और बिक्री हेतु आस्तियों का मूल्याँकन क्रमशः दैनिक एवं तिमाही आधार पर किया जाता है और मूल्यह्रास, यदि कोई हो, को तिमाही आधार पर बुक किया जाता है।

8. मर्चेंट बैंकिंग क्रियाकलाप

बैंक एनएसडीएल और सीएसडीएल दोनों में निक्षेपागार भागीदार के रूप में पंजीकृत है। लगभग 78,000 ग्राहक बैंक की डी–मैट सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं और पैन संबंधी अपेक्षा का अनुपालन न करने वाले शून्य शेषराशि वाले खातों को सेबी के निर्देशानुसार बंद कर दिया गया है। वर्ष 2009–10

production, beauty parlour, medicinal plantation, etc. A total of 2323 trained persons were credit linked for pursuing/setting up of economic activities. Emphasis is also given to train candidates from BPL strata of the society for which list of candidates is obtained by the centres from respective DRDA. Cumulatively these centres have conducted 411 training programmes since inception benefiting 15214 candidates.

6.2. Retail Credit

Retail Credit segment continues to be the Thrust area of lending. The Bank is having 10 Retail Credit Scheme including Home loans to meet the requirements of various sections of the society. Our Retail Credit Schemes are customer friendly, competitive and specifically designed to suit all sections of the society. The Bank has been formulating customized schemes and is also having tie-ups with various reputed builders and auto manufacturers to boost its Retail segment.

6.3. Education Loan

The education loan portfolio of the Bank stood at Rs.971.75 crores as on 31.03.10 and showed Y.O.Y. Growth of 23%. Bank continued its efforts for extending education loans to students on soft terms & conditions and competitive rates besides 0.50% concessions in rate of interest is being given to girl students. During the admission season, education loan camps were organized in the campus of the educational institutions.

7. TREASURY OPERATIONS

The G-Sec yields hardened across the curve as the underlying market sentiment was bearish on account of expectations of RBI reversing its easy monetary stance due to increase in Food led Inflation. However RBI continued its easy monetary stance during the major part of the financial year and reversed its monetary stance from January 2010 onwards. The equity market remained positive on account of economic recovery across the globe. Consequent upon this, turnover in the secondary market has increased from Rs.28,526 crore in the year 2008-09 to Rs.65,312.05 crore in the year 2009-10. The net profit from the secondary market operation was Rs.423.55 crore during the year 2009-10. During the Financial Year 2009-10 the bank shifted Government securities having book value of Rs.1271.48 crore from 'Available For Sale' (AFS) category to 'Held To Maturity' (HTM) category and booked depreciation of Rs.137.76 crore and shifted securities having book value of 979.59 from HTM to AFS category ignoring the appreciation as per RBI guidelines. The aggregate investment of the Bank increased to Rs.35785.32 crore at the end of the financial year 2009-10 as against Rs. 28658.39 crore in the FY 2008-09, an increase of 24.87%. The yield on investment has decreased to 7.08% from 7.63% as compared to last year due to maturing of high coupon securities and issuance of securities bearing low coupon in the FY 2009-10. Valuation of HFT & AFS portfolio is done on daily & quarterly basis respectively and depreciation, if any, is booked on quarterly basis.

8. MERCHANT BANKING ACTIVITIES:

The Bank has been registered as Depository Participant with both NSDL & CSDL. Nearly 78,000 customers are availing the demat services of the Bank and PAN non-complaint zero balance accounts have been closed as per SEBI directive. The number of

के दौरान डी–मैट सेवाएं देने वाली शाखाओं की संख्या 106 से बढ़कर 295 हो गई। बैंक अपने ग्राहकों के लिए आईडीबीआई कैपिटल मार्किट सर्विसिज़ के साथ मिलकर ऑनलाइन ट्रेडिंग सेवाएं भी प्रदान कर रहा है। राजकोषीय वर्ष के दौरान बैंक ने निजी स्थापन आधार पर कुल 300 करोड़ रु० के नवोन्मेषकारी बेमीयादी ऋण लिखत, कॉल आप्शन का प्रयोग न किए जाने के मामले में 10 वर्षों के बाद 50 बेसिस प्वाइंट की वृद्धि होने के खंड सहित 9.10% वार्षिक के कूपन पर जारी करके टियर–I पूंजी को बढ़ाया। 17.12.2009 को 27 अभिदाताओं को ये बाण्ड जारी किए गए।

8.1 अवरूद्ध राशि द्वारा समर्थित आवेदन (एएसबीए)

हमारा बैंक अपने ग्राहकों को अवरूद्ध राशि द्वारा समर्थित आवेदन (एएसबीए) सेवा उपलब्ध कराने के लिए सेबी में स्व–प्रमाणित सिण्डीकेट बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया। एएसबीए ऐसा आवेदन है, जिसमें स्व–प्रमाणित सिंडीकेट बैंक (एससीएसबी) में रखे गए बैंक खाते में आवेदन राशि को अवरूद्ध करने का प्राधिकार निहित होता है। एएसबीए सुविधा के अंतर्गत किसी निर्गम (आईपीओ/राइट्स इश्यू) में लगाई जाने वाली आवेदन की राशि तब तक ग्राहक के बैंक खाते में रहती है जब तक कि आबंटन नियत नहीं हो जाता और पूरी आवेदन राशि के स्थान पर आबंटित शेयरों के समतुल्य वास्तविक राशि ही डेबिट की जाती है।

9. विदेशी मुद्रा विनिमय कारोबार

